केंद्रीय विद्यालय संगठन (लखनऊ संभाग)

पूरक परीक्षा **(2023- 2024)**

कक्षा- **9** वीं

विषय **-** हिंदी , कोर्स **-** अ **(**कोड **002)**

अंकयोजना

निर्धारित समय : **3** घंटे

पूर्णांक : **80**

---

सामान्य निर्देशः

(1) अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। इस प्रश्न पत्र में वस्तुपरक एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं अतः अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं है I ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

(2) यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न किंतु उपयुक्त उत्तर दें, तो उन्हें अंक दिए जाएं।

(3) समान त्रुटियों के लिए स्थान- स्थान पर अंक न काटे जाएं।

(4) गुणवत्तापूर्ण सटीक उत्तर पर शत प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।

(5) मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।

---

खंड – ‘अ’ **(**वस्तुपरक/ बहुविकल्पीय प्रश्न**)**

<u>अपठित ( गद्यांश-**1)**</u>

**प्रश्न.1** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **–5**

(i) (ख) कि नीचे गिरने के बाद वह फिर से कितना उछल पाता है? 1अंक

(ii) (ग) उसी में सफलता का मूल छिपा होता है। 1अंक

(iii) (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। 1अंक

(iv) (घ) 1, 2 और 3 तीनों सही हैं। 1अंक

(v) (घ) (ख) और (ग) दोनों कथन सही है।

प्रश्न .2 निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **5**

<u>अपठित ( पद्यांश-1)</u>

(i) (क) राजा और रंक के
1अंक

(ii) (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
1अंक

(iii) (ग) कथन iii व iv सही हैं। 1अंक

(iv) (ग) राजपाट त्यागकर वन गमन
1अंक

(v) (घ) मुनि वशिष्ठ के आश्रम में अध्ययन
1अंक

प्रश्न.3 निम्नलिखित में से किन्हीं चार उपसर्ग-प्रत्यय सम्बन्धी प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए **- (1x4 =4)**

(i) (क) अप +मान 1अंक

(ii) (ग) अधि ` 1अंक

(iii) (ख) बेइमानी 1अंक

(iv) (क) लुटेरा 1अंक

(v) (ग) मीठा+ आस
1अंक

प्रश्न 4.निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए**-(1x4 =4)**

(i) (ग) तीन राहों का समाहार-द्विगु समास
1अंक

(ii) (क) माता और पिता-द्वंद्व समास।
1अंक

(iii) (क) प्रतिदिन 1अंक

(iv) (ग) कर्मधारय समास 1अंक

(v) (क) तत्पुरुष समास 1अंक

प्रश्न **5.** निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए **-(**अर्थ के आधार पर वाक्य भेद**) (1x4 =4)**

(i) (क) क्या वह लखनऊ से लौट आया है?
1अंक

(ii) (ग) आज्ञावाचक वाक्य 1अंक

(iii) (घ) शायद मनोरमा और कविता बैठकर पढ़ती है।
1अंक

(iv) (ख) 1- (II), 2- (I), 3- (III) 1अंक

(v) (ख) माला आज नाचेगी।
1अंक

प्रश्न**. 6** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए **-**
**(1X4=4)**

(i) (क) अनुप्रास अलंकार
1अंक

(ii) (ख) यमक अलंकार
1अंक

(iii) (घ) यमक अलंकार
1अंक

(iv) (क) उपमा अलंकार
1अंक

(v) (क) अनुप्रास अलंकार
1अंक

प्रश्न **.7** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **- (1X5=5)**

(i) (घ) बहुत परेशानी होना।
1अंक

(ii) (क) बैल उसके साथ जाना नहीं चाहते थे।
1अंक

(iii) (घ) अपने से दूर करने की
1अंक
(iv) (क) स्वामिभक्ति का
1अंक
(v) (घ) गले में बँधी रस्सी
1अंक
प्रश्न **8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-**
**(1X2=2)**
(i) (ख) पहाड़ियों से
1अंक
(ii) (ग) वे पक्षियों की खोज में निकले हैं और शीघ्र ही अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे 1अंक
प्रश्न **9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-** **(1X5=5)**
(i) (ग) सवैया-रसखान
1अंक
(ii) (क) लाठी
1अंक
(iii) (ख) गोपियां कान्हा की मुरली के संबंध में
1अंक
(iv) (ख) नाटक करना
1अंक
(v) (घ) ब्रज
1अंक
प्रश्न **10.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए **-**
**(1X2=2)**
(i) (ग) सर्वव्यापक
1अंक

(ii) (घ) कमज़ोर और नाशवान सहारे का
1अंक

## खंड –ब (वस्तुनिष्ठ/ वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 11.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए - **(2x3=6)**

**(i)** आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को बहुत प्रभावित कर रही है। हम नए-नए उत्पादनों के विज्ञापन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उपभोक्तावादी संस्कृति ने हमारे दैनिक जीवन में उथल-पुथल मचा दी है, हम उत्पादनों के गुलाम बनते जा रहे हैं। अब वस्तुएँ आवश्यकता को देखकर नहीं बल्कि हैसियत को देखकर ली जाती हैं।

**(ii)** किसी सख्त चट्टान को ठोकर मारी, चट्टान से बचकर नहीं निकले अर्थात् समाज की कुरीतियों से जूझते रहे, उनसे बचने का प्रयत्न नहीं किया। जीवन कष्टमय व्यतीत किया पर समाज से संघर्ष करते रहे।

**(iii)** महादेवी जी पुरस्कार में मिले चाँदी के नक्काशीदार सुन्दर कटोरे को गाँधीजी को दिखाने के लिए गई थीं। बापू ने कटोरा हाथ में लेकर कहा-'तू देती है इसे' इस पर महादेवी जी कुछ न बोल सकीं, किन्तु उन्हें इस बात का दुःख था कि बापू ने उन्हें कविता सुनाने को नहीं कहा।

**(iv)** सालिम अली किसी विशेष सीमा में सीमित न रहकर पक्षियों से सम्बन्धित नित नई खोजों के द्वारा जानकारियाँ एकत्र करते रहे जो अथाह थीं। वे अद्भुत पक्षी-विज्ञानी थे। इस प्रकार वे प्रकृति की दुनियाँ में टापू बनने की बजाय अथाह सागर बनकर उभरे।

**प्रश्न 12.** पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए -
**(2x3=6)**

**(i)** कवि को कोयल से ईर्ष्या इसलिए हो रही है, क्योंकि कवि कारागार में बन्दी का जीवन व्यतीत कर रहा है जबकि कोयल स्वतन्त्र है। वह हरियाली का आनन्द ले रही है और खुले आसमान में विचरण कर रही है। कवि का संसार दस फुट की काल कोठरी में सिमटा हुआ है। कोयल के गाने की सभी सराहना करते हैं और कवि का रोना भी उसका गुनाह मान लिया जाता है।

**(ii)** गाँव में चारों ओर मखमली हरियाली और रंगों की लाली छाई हुई है। विविध फसलें लहलहा रही हैं। मनमोहक सुगंधों से भरपूर है। रंगीन तितलियाँ उड़ रही हैं। चारों ओर रेशमी सौंदर्य छाया हुआ है। सूरज की मीठी-भीतीपूर सौंदर्य को और जगमगा रही है। इसलिए इस गाँव की तुलना मरकत डिब्बे से की गई है।

**(iii)** मेघ रूपी मेहमान के आने पर हवा सनसनाती चलने लगी। हवा से दरवाज़े-खिड़कियाँ खुलने लगे। पेड़ झुकने लगे, पीपल जैसे बड़े-बड़े पेड़ भी डोलने लगे। बेलें हर्षित हुई। तालाब में आशा की लहरें उठने लगीं। क्षितिज पर बादल गहराने लगे। बिजली चमकने लगी।

**(iv)** मेरे विचार में बच्चों को काम पर नहीं भेजा जाना चाहिए, उन्हें पढ़ने-लिखने का पूरा मौका मिलना चाहिए ताकि वे शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को संवार सकें। उन्हें खेलने-कूदने का उचित अवसर मिलना चाहिए ताकि वे तन-मन से स्वस्थ बन सकें। उन्हें अपने माता-पिता, सगे-सम्बन्धियों और आस-पड़ोस से पूरा प्रेम मिलना चाहिए। ऐसा होने से ही उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास हो सकेगा।

प्रश्न **13.** पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों के आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए **-**

**(4x2=8)**

**(i)** पटना में 1967 में जो बाढ़ आई थी उसका वर्णन 'रेणु' जी ने इस पाठ में किया है। पटना का पश्चिमी इलाका छाती तक पानी में डूब गया। यहाँ तक कि राजभवन और मुख्यमंत्री निवास भी बाढ़ की चपेट में आ चुके थे। अपने-अपने साधनों से लोग बाढ़ की स्थिति देखने को निकल पड़े। देखने वालों की आँखों में और जुबान पर एक ही जिज्ञासा थी। पानी कहाँ तक आ गया। सभी की आवाज़ थी-आ रहा है, सड़क के एक किनारे एक मोटी डोरी की शक्ल में गेरुआ झाग फेन में उलझा पानी तेजी से सरकता आ रहा था। लोग मना करते हुए कह रहे थे-आगे मत जाओ, जैसे वह आ रहा है, मृत्यु का तरल रूप।

बाढ़ में पानी का बहाव तेज़ होता है और देखते ही देखते तमाम रिहाइशी इलाके जलमग्न हो जाते हैं। लोग ज़रूरत की चीज़ों के लिए मारे-मारे फिरते हैं।

**(ii)** लेखिका की दादी के घर का माहौल दूसरे घरों से अलग था। उनके घर में लड़की लड़के में कोई भेद नहीं था। स्त्रियों का पूरा आदर-सम्मान किया जाता था।

लेखिका की माँ का भी घर में बहुत मान-सम्मान किया जाता था। स्वयं दादी ने अपनी पतोहू के गर्भवती होने पर लड़की होने की कामना सभी के सामने कर दी थी। परिवार में साहित्यिक माहौल भी था। लेखिका की माँ पुस्तकें पढ़ने, साहित्य पढ़ने, संगीत सुनने, चर्चा करने में अपना अधिकतर समय व्यतीत करती थीं।

**(iii)** रामस्वरूप अपनी बेटी को बी.ए., पढ़ाता है। वह उसे उच्च शिक्षा दिलवाना अपना पवित्र कर्तव्य मानता है। परंतु जब उसके विवाह का समय आता है तो उसे समाज की पिछड़ी मनोभावना का शिकार होना पड़ता है। लोग शिक्षित को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं । लड़के तथा सास ससुर को ऐसा लगता है कि पढ़ी-लिखी वह उनके नियंत्रण में नहीं रहेंगी । वह बात-बात पर नखरे करेगी, विरोध करेगी, प्रश्न करेगी तथा उन्हें चुनौती देगी। वे इस बात को बिलकुल सहन नहीं करना चाहते। इसलिए वे कम पड़ी-लिखी वह चाहते हैं। इस कारण रामस्वरूप और उमा की स्थिति विचित्र हो जाती है। उन्हें विवाह के लिए उमा की उच्च शिक्षा को छिपाने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

प्रश्न **14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग **120** शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए **- (6)**

| | |
|---|---|
| विषयवस्तु | 4 अंक |
| भाषा | 1 अंक |
| प्रस्तुति | 1 अंक |

प्रश्न**.15** दिए गए दो औपचारिक व अनौपचारिक पत्रों में से किसी एक विषय पर **100** शब्दों में पत्र**-** लेखन हेतु मूल्यांकन बिंदु **5x1 =5**

| | |
|---|---|
| आरंभ और अंत की औपचारिकताएं | 1अंक |
| विषयवस्तु | 2 अंक |
| भाषा | 1अंक |
| प्रस्तुति | 1 अंक |

प्रश्न**.16** दिए गए लघुकथा या ई**-**मेल लेखन में से किसी एक विषय पर **80-100** शब्दों में लघुकथा **/** ईमेल**-** लेखन हेतु मूल्यांकन बिंदु **5x1 =5**

| | |
|---|---|
| विषय वस्तु | 3अंक |
| भाषा- | 1 अंक |
| प्रस्तुति | 1अंक |

प्रश्न.**17** दिए गए संवाद या सूचना लेखन में से किसी एक विषय पर **60-80** शब्दों में संवाद /सूचना लेखन हेतु मूल्यांकन बिंदु **4x1=4**

| | |
|---|---|
| विषयवस्तु | 2 अंक |
| भाषा | 1अंक |
| प्रस्तुति | 1अंक |